तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 17.8 डिग्री

# हरिभूमि रोहतक भूमि


रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

13 एमडीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा और...



14 करवा चौथ आज: 8.10 पर होगा चांद का दीदार










## खबर संक्षेप

### उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में प्राचार्य डॉ सत्यव्रत सोलंकी की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत सेल इंचार्ज डॉ सुनील कुमारी द्वारा उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर द टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्सटाइल्स एंड साइंसेज, भिवानी की सहायक प्राध्यापक अंजू रही।

### ड्रोन एवं भू-स्थानिक तकनीकों पर कार्यशाला

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा "ड्रोन एवं भू-स्थानिक तकनीकों" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक तथा भू-स्थानिक विश्लेषण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का व्यवहारिक अनुभव और गहन जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में विशेषज्ञ ड्रोन पायलट अभिनव ने ड्रोन तकनीक, इसके विभिन्न उद्योगों में अनुप्रयोग, भू-स्थानिक डेटा विश्लेषण तथा मानचित्र निर्माण में ड्रोन के उपयोग पर विस्तृत चर्चा की।

### विद्यार्थियों को दिया सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण

**रोहतक।** सिविल डिफेंस की ओर से वीरवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। कम्पनी कमांडर संदीप कुमार ने बताया की प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता फैलाना है। किसी भी प्राकृतिक व मानव जनित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समाज का हर व्यक्ति सजग व प्रशिक्षित होना चाहिए।

### डॉ. रमाकान्ता को किया गया सम्मानित

**रोहतक।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रमाकान्ता को निर्मला स्मृति साहित्यिक समिति (रजि.) चरखी दादरी हरियाणा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान समारोह 2025 में 'निर्मला आजीवन हिंदी साहित्य सम्मान' से अलंकृत किया गया। पुरस्कारों की इसी शृंखला में डॉ. रमा कान्ता को मातेश्वरी विद्या देवी बाल साहित्य शोध एवं विकास संस्थान सिरसा द्वारा 'अखिल भारतीय बाल साहित्य डॉ सुरेंद्र वर्मा शिखर सम्मान-2025' नाटक विधा में तथा 'अखिल भारतीय जयनाथ नलिन बाल साहित्य शिखर सम्मान-2025' देश प्रेम गीत विधा में अलंकृत किया गया।

### सैनी सह-शिक्षा कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता

**रोहतक।** सैनी सह-शिक्षा कॉलेज में गुरुवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सीमा ने प्रथम, रेशू ने द्वितीय और तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. भीम सिंह पवार ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जबकि उप-प्राचार्या डॉ. सरिता यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि देकर उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ाती हैं।

---

### अतिरिक्त उपायुक्त ने मीटिंग में जारी किए सख्त दिशा निर्देश

# फसल अवशेष जलाने पर 5 से 30 हजार तक होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

*जुर्माना: 2 एकड़ तक 5,000 रुपये 2 से 5 एकड़ तक 10,000 रुपये, 5 एकड़ से अधिक पर 30,000 रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा*

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने किसानों से फसल अवशेष न जलाने का आह्वान किया। वे वीरवार को जिला विकास भवन स्थित सभागार में ग्राम सचिवों व ग्राम स्तरीय निगरानी कमेटी के सदस्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में धान की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिला में लगभग 5 प्रतिशत धान की कटाई का कार्य पूरा हो चुका है। धान की कटाई उपरान्त किसान जाने अनजाने में बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिसके कारण भूमि के स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है व आम जन को भी सांस संबधित गंभीर कठनाईयों का सामना करना पड़ता हैं।

एडीसी ने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार यदि कोई किसान फसल अवशेषों में आग लगाता हैं तो उस पर तीन तरह की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करवाना, 5 हजार से 30 हजार रुपये तक का जुर्माना व मेरी फसल मेरा ब्यौरा में रेड एन्ट्री करने का प्रावधान हैं। यदि कोई किसान 2 एकड़ भूमि आग लगाता है, तो उस पर 5 हजार रुपये, 2 से पांच एकड़ तक 10 हजार रुपये और 5 एकड़ से अधिक 30 हजार रुपये जुर्माना लगाने का प्रावधान है, जिस किसान की मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रेड एन्ट्री कर दी जाती है वे किसान अगले 2 सीजन तक अपनी फसल मंडी में एम एस पी पर नहीं बेच पाएगा।



रोहतक। मीटिंग लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

#### 24 घंटें करें निगरानी

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी करने के कारण होने वाले नुकसान के बारे ग्राम स्तर पर नुक्कड़ सभा व किसान शिविर लगाकर जागरूक करें ताकि किसान फसल अवशेषों में आग न लगाए। सभी ग्राम स्तरीय टीम के सदस्यों को कहा कि वे 24 घंटे निगरानी रखें कि कोई भी किसान फसल अवशेषों में आगजनी न करें।

#### 1200 रुपये मिलेगा प्रोत्साहन

उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि जो किसान इस वर्ष पराली में आग नहीं लगाएगा व पराली खेत में मिलाएगा या उसे चारे के रूप में प्रयोग करेगा या बेल बनाएगा हरियाणा सरकार द्वारा उस किसान को 1200 रुपये प्रति एकड़ की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। बैठक में एएसपी प्रतीक अग्रावल, उपमंडलाधीश उत्सव आनंद व आशीष कुमार, डीडीपीओ राजपाल चहल, बीडीपीओ, कृषि विभाग के सभी अधिकारी, जिले के सभी ग्राम सचिवों व ग्राम स्तरीय निगरानी कमेटी के सभी सदस्यों मौजूद रहे।

#### किसानों के लिए फसल अवशेष न जलाने के निर्देश

- अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने किसानों से फसल अवशेष न जलाने का सख्त आग्रह किया
- जिले में धान की कटाई का कार्य जोरों पर, 5 % धान की कटाई पूरी
- रेड एन्ट्री वाले किसान अगले '2 सीजन तक' अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेच पाएंगे
- जिला विकास भवन स्थित सभागार में ग्राम सचिवों और ग्राम स्तरीय निगरानी समिति के सदस्यों के साथ बैठक

---

## श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने परंपरा और सृजनात्मकता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आरंभ में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयिका डॉ. प्रोमिला यादव ने प्रतियोगिता के उद्देश्य और पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां हर धर्म अपने रीति-रिवाज और परंपराओं के अनुसार त्योहार मनाता है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अंजु देशवाल, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. रजनी और डॉ. सविता ने निभाई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की कलात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि छात्राओं ने परंपरा और आधुनिकता का उत्कृष्ट मिश्रण प्रस्तुत किया।

#### विजेताओं को किया सम्मानित

प्रतियोगिता उपरांत प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. चित्रा शर्मा ने उपस्थित सभी अध्यापकों और छात्राओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. शिखा फोगाट, डॉ. वंदना रंगा, डॉ. सीमा, डॉ. संतोष, डॉ. मनीषा, डॉ. हिना, डॉ. सीमा गोसाई, डॉ. प्रीति यादव एवं डॉ. प्रीति भारद्वाज सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



### सहेली क्लब ने मनाया रंगीन करवा चौथ

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित एक होटल में सहेली क्लब की ओर से करवा चौथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संध्या जैन रही। क्लब की प्रधान वीना बंसल ने बताया कि समारोह में महिलाओं ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाई और पारंपरिक खेलों का आनंद लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर उत्सव का माहौल बनाया। इस अवसर पर क्लब संस्थापक मीरा बंसल, रोजी खनेजा, सचिव पिंकी गर्ग, कोषाध्यक्ष आशा जैन, समिति सदस्य सरिता जैन, पूनम गुप्ता और सोनिया बत्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वीना बंसल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को आपस में जोड़ते हैं और उनके बीच भाईचारे व उत्साह को बढ़ावा देते हैं। क्लब समय-समय पर सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि महिलाओं में रचनात्मकता और सहभागिता बनी रहे।



### पंडित नेकीराम कॉलेज में कराई

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ लोकेश बल्हारा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में और महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ रेणु राणा के नेतृत्व में करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राष्ट्रपति अवॉर्डी प्राचार्य डॉ लोकेश बल्हारा द्वारा किया गया ,प्रतियोगिता का विषय "भारतीय तीज त्योहारों में महिलाओं की सहभागिता" रहा। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ रेनू राणा ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में समय समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

---

## इमसार ने मनाया 49वां स्थापना दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (इमसार) द्वारा आज 49वां स्थापना दिवस उत्साह, गरिमा और प्रेरणा के साथ मनाया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, पूर्व छात्रों, शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इमसार निदेशक प्रो. प्रदीप के. अहलावत के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों और उसकी गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि इमसार ने प्रबंधन शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास, निरंतरता और व्यावसायिक शिष्टाचार को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

- शैक्षणिक विमर्श, प्रेरक विचारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा समारोह

#### प्रो. अजीत सिंह बूरा को दी श्रद्धांजलि

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने टेलीफोनिक संदेश द्वारा आयोजन की सराहना की और छात्रों में कौशल विकास के लिए अधिक सह-पाठ्यक्रमिक गतिविधियों की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह के दौरान स्वर्गीय प्रो. अजीत सिंह बूरा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उन्हें एक समर्पित शिक्षक, अनुशासित व्यक्तित्व और सच्चे मार्गदर्शक के रूप में याद किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षाविद, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और उद्यमी सतवंत सिंह हुड्डा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में युवाओं से नवाचार, दृढ़ता और नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की। उन्होंने छात्रों को नए युग की उद्यमिता और कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सांस्कृतिक हिस्सा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नृत्य, संगीत और कविता की प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बना दिया। डॉ. ईश्वर मित्तल के मधुर गायन ने सबका मन मोह लिया। इसी क्रम में प्रो. कुलदीप चौधरी और डॉ. सौरभ कांत द्वारा आयोजित पैनल चर्चा में छात्रों ने आधुनिक प्रबंधन और उद्यमिता के मुद्दों पर सार्थक विचार साझा किए।

### इंटरनेशनल भारती स्कूल के विद्यार्थियों का फ्रेंच भाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रोहतक।** इंटरनेशनल भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित इंडिया इस्लामिक सेंटर, लोदी एस्टेट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर फ्रेंच भाषा में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध लेखिका एवं शिक्षाविद् डॉ. प्रीति भूटानी से संवाद किया और "फ्रेंच भाषा का महत्व एवं करियर अवसर विषय पर आयोजित विशेष सत्र में भाग लेकर नई जानकारी प्राप्त की। डॉ. भूटानी ने विद्यार्थियों को विदेशी भाषाओं के अध्ययन से मिलने वाले वैश्विक अवसरों और बहुसांस्कृतिक समझ के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को फ्रेंच भाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक रहा।

## डीसी ने किया पढ़े रोहतक-लिखे रोहतक पहल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने वीरवार को औपचारिक रूप से पढ़े रोहतक-लिखे रोहतक अभियान का शुभारंभ किया। यह पहल निपुण हरियाणा मिशन के तहत चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य जिला के सभी प्राथमिक विद्यालयों में फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरसी (एफएलएन) को मज़बूत बनाना है ताकि प्रत्येक बच्चा बुनियादी पढने, लिखने और गणना करने के कौशल में दक्षता प्राप्त कर सके। सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ इनोवेटिव विचारों के बारे में संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक, स्कूल और जिला टीम मिलकर काम करें ताकि कोई भी बच्चा सीखने की बुनियादी दक्षताओं से वंचित न रहे।

#### बच्चों की शिक्षा की ओर अहम कदम

डीसी ने कहा कि इस पहल का मुख्य आधार है जीरो पीरियड कॉम्पिटेंसी मॉनिटरिंग प्रोग्राम, जिसके अंतर्गत कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों में तीन प्रमुख कौशलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समीक्षा बैठक में गत दो महीनों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में स्कूलों में जीरो पीरियड के क्रियान्वयन, स्किल पासबुक में दर्ज आंकड़ों, मेंटर्स के अवलोकनों और लर्निंग गैप को दूर करने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पढ़े रोहतक-लिखे रोहतक अभियान जिला के हर बच्चे के लिए मजबूत शैक्षिक नींव तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिक्षकों, मेंटर्स, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और एफएलएन टीम के संयुक्त प्रयासों से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अब हमें इसी गति को बनाए रखते हुए और तेजी से निपुण लक्ष्यों को हासिल करना है।

---

## सरकार टीचर ट्रांसफर प्रकिया शुरू करें

रोहतक

हरियाणा राजकीय अध्यापक कल्याण संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामबीर ककराना ने शिक्षक समाज की तरफ से मुख्यमंत्री हरियाणा से निवेदन किया है कि टीचर ट्रांसफर प्रकिया शुरू की जाए। रामबीर ककराना ने बताया कि आनलाइन टीचर ट्रांसफर 2016 में शुरू हुई थी। जो की पूरे देश में एक मिसाल बनी थी। दुसरी बार 2017 तीसरी बार 2019 में आनलाइन टीचर ट्रांसफर हुए जो कि शिक्षकों के लिए काफी अच्छे सिद्ध हुए। चौथी बार 2022 में हुए जो कि शिक्षकों के लिए ज्यादा फायदेमंद नहीं हुए। शिक्षा विभाग की तरफ से प्रतिवर्ष आनलाइन टीचर ट्रांसफर करने की बातें कही गई थी लेकिन पिछले तीन साल से आनलाइन टीचर ट्रांसफर नहीं हुए हैं।

#### शिक्षकों को उठानी पड़ रही परेशानी

हजारों शिक्षकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गृह जिले में रिक्त पद होने के कारण आज शिक्षक 200-250 किलोमीटर दूर नौकरी कर रहा है। जिससे उसको मानसिक तथा शारीरिक परेशानी हो रही है। शिक्षकों की यूनियनों ने निदेशक से लेकर शिक्षामंत्री मुख्यमंत्री तक ज्ञापन दिए हैं। सरकार द्वारा हर बार आनलाइन टीचर ट्रांसफर शुरू करने की बातें कही गई है। लेकिन सैशन का अक्टूबर महीने आ गया, अब तक आनलाइन टीचर ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। आनलाइन टीचर ट्रांसफर शुरू न होने के महिला शिक्षक वर्ग को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। एक अक्टूबर को मुख्यमंत्री हरियाणा की केबिनेट मीटिंग है।

## आपातकालीन स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पर पैनल चर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मानसिक स्वास्थ्य संस्थान द्वारा मनाए जा रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत गुरूवार को आपदा और आपातकालीन स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. रूपसिंह और निदेशक डॉ. एसके सिंघल उपस्थित हुए। मनोरोग विभाग की तरफ से पैनल चर्चा में शामिल हुई डॉ. सुजाता सेठी ने बताया कि इस चर्चा में प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल।

#### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना समय की जरूरत

डॉ. सुजाता सेठी ने बताया कि चर्चा के मुख्य बिंदु- आपदा और मानसिक स्वास्थ्य रहा जिसमें पैनलिस्टों ने आपदाओं और आपातकालीन स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आपदाएं जैसे कि प्राकृतिक आपदाएं, महामारियां और संघर्ष मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालते हैं। चर्चा में बताया गया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच एक बड़ी चुनौती है। कुलसचिव डॉ. रूपसिंह ने बताया कि कोविड-19 महामारी ने टेलीहेल्थ के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी सेवाएं पहुंचाई जा सकती हैं।

## छात्रा खुशी सिंधु ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की कक्षा बारहवीं की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी सिंधु ने 2 से 6 अक्तूबर तक कैथल में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो स्कूली प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 63 किलोग्राम वर्ग (अंडर-19) में स्वर्ण पदक हासिल किया है। खुशी सिंधु इससे पूर्व भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने सीबीएसई 2025 राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ग में भी स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया था। विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल ने खुशी सिंधु को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन ने विद्यालय का नाम एक बार फिर ऊँचा किया है। उन्होंने खुशी को भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने और विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

---

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रस्तुत किया स्वच्छता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) स्वयं सेवकों ने कुलपति प्रो. (डॉ.) एच. एल. वर्मा के मार्गदर्शन में पुराना आईटीआई, रामलीला मैदान रोहतक में स्वच्छता अभियान पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और समाज में सफाई कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को सम्मान पूर्वक समझाना था। कार्यक्रम का सौजन्य एचसीीएस अधिकारी प्रदीप कौशिक द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



रोहतक। स्वच्छता अभियान पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते स्वयंसेवक।

#### स्वच्छता से निखरता है व्यक्तित्व

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का सपना स्वच्छ भारत का था, जिसे युवा ही साकार कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से व्यक्ति का व्यक्तित्व और समाज का संस्कार दोनों निखरते हैं। कुलपति ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब हर व्यक्ति अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल को स्वच्छ रखने का संकल्प लेगा, तभी भारत वास्तव में विकसित राष्ट्र बनेगा।

**लीगल एड क्लब का यह प्रयास विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच को सशक्त बनाता है**

## न्याय विषय पर विधि संकाय ने करवाई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विधिक सहायता क्लब द्वारा कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एचएल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में "सभी के लिए न्यायः कानूनी सहायता के माध्यम से" विषय पर फोटोग्राफी, पेंटिंग, रेखाचित्र और लघु वीडियो प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी सहायता सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और न्याय तक समान पहुंच के महत्व को रचनात्मक माध्यमों से अभिव्यक्त करना था।

कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा एवं रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लीगल एड क्लब का यह प्रयास विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व और विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, दोनों को सशक्त बनाता है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम में अतिथि प्रो. (डॉ.) अरुणा आंचल, डीन, शिक्षा संकाय, बीएमयू रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. अतुल शामिल थे, जबकि आयोजन की संयोजक डॉ. प्रमिला, सहायक प्रोफेसर, विधि संकाय रहीं। प्रतियोगिताओं में विधि संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा व सामाजिक संवेदनशीलता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



रोहतक। बीएमयू में सभी के लिए न्याय विषय पर विधि संकाय ने आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

***इस प्रकार रहा परिणामः*** *फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आवेश (प्रथम), शुभम (द्वितीय), पेंटिंग प्रतियोगिताः मंथन और अमन (संयुक्त प्रथम), रिया (द्वितीय), प्रदीप व रिधि (संयुक्त तृतीय), रेखाचित्र प्रतियोगिताः खुशी (प्रथम), प्रदीप (द्वितीय), तंशु व प्रिया (संयुक्त तृतीय), लघु वीडियो प्रतियोगिताः पायल, वैभव और आशिका की टीम (प्रथम), पायल, हिमांशी, किरण और मासूम की टीम (द्वितीय), जबकि हर्ष (तृतीय स्थान) पर रहे।विधि संकाय के डीन डॉ. मनीष दलाल और डिप्टी डीन डॉ. रितु ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी।*

## खबर संक्षेप

### ट्रक लूट में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने महम खरकड़ा बाइपास के पास अज्ञात युवकों द्वारा ट्रक लूट की वारदात में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। महम थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि 5 जून 2024 को जिला राजस्थान निवासी झूथा राम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था।

### मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक में महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । मेहंदी प्रतियोगिता 36 छात्राओं ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम नेहा, द्वितीय प्रिया, तृतीय कीर्ति एवं काजल तथा सांत्वना पुरस्कार बबीता एवं निशा को दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शमशेर हुड्डा ने छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा उनका उत्साह वर्धन किया।

### भाविप का दीपावली मिलन समारोह कल

**महम।** भारत विकास परिषद् की स्थानीय शाखा द्वारा शनिवार 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे पंजाबी धर्मशाला में दीपावली मंगल मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। भाविप स्थानीय शाखा के अध्यक्ष बजरंग गोयल उर्फ बोबी एमसी ने बताया कि पूर्व विधायक बलराज कुंडू समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी विजय मित्तल करेंगे।

### खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 16 से

**रोहतक।** शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला के निर्देशानुसार आयु वर्ग अंडर-11 वर्ष के लड़के और लड़कियों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 16-18 तक जिले के विभिन्न स्थलों पर होगा। 16-17 को अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल में चैस, कैरम और योग जैसे खेलों के साथ-साथ मोनो एक्टिंग, ग्रुप सांग, रागिनी, फैंसी ड्रेस और पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी। 17-18 को मानव रचना स्कूल, सुनारिया में विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।

## करियर के लिए अपार संभावनाएं, भविष्य के लिए तैयार हों युवा : श्रुति

# एमडीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा और उद्योग के बीच सेतु बना आईएचटीएम

- *प्रो. श्रुति त्रिपाठी ने भविष्य की शिक्षा पर प्रकाश डाला*
- *डिग्री से ज्यादा महत्वपूर्ण दक्षता करियर के लिए जरूरी*

सीखने के साथ-साथ सेवा भाव को अपनी पहचान बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग में सतत विकास तभी संभव है जब हम पर्यावरण और समाज की रक्षा करें। उनके अनुभव-आधारित उदाहरणों ने सत्र को व्यावहारिक आयाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में आज एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय था स्किल डेवलपमेंट एंड फ्यूचर रेडीनेस फॉर हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म प्रोफेशनल्स। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा और उद्योग के बीच पुल बनाने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। देशभर से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, उद्योग प्रतिनिधियों और छात्रों सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने इसमें सक्रिय भाग लिया, जो आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता आईएचटीएम के निदेशक और संयोजक प्रो. आशीष दहिया ने की। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत आज पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। यह क्षेत्र युवाओं के लिए अपार रोजगार अवसर प्रदान करने वाला है। प्रो. दहिया ने कहा कि भविष्य का सफल हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल वही होगा जो तकनीकी कौशल के साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मानवीय संवेदना से लैस होगा।



रोहतक ।आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी की प्रो . श्रुति त्रिपाठी व अन्य।

### भविष्य की शिक्षा पर प्रकाश डाला

दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी की प्रो. श्रुति त्रिपाठी ने भविष्य की शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा अब स्किल-सेंट्रिक होनी चाहिए। डिग्री से ज्यादा महत्वपूर्ण वह दक्षता है जो छात्र को आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने विश्वविद्यालय-उद्योग साझेदारी को युवाओं के प्रशिक्षण और रोजगार का सबसे मजबूत माध्यम बताया, जो नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप है। ऑनलाइन माध्यम से जुड़े प्रो. सितांशु शेखर जेना, डीन, स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज, डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली ने एनईपी-2020 की भूमिका पर चर्चा की।

### मौके पर ये रहे मौजूद

मुख्य वक्ता के रूप में आईटीसी कंट्री क्लासिक गोल्फ क्लब, गुरुग्राम के वाइस-प्रेसिडेंट प्रदीप सिंह ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में मंच संचालन डॉ. शिल्पी ने कुशलता से किया। आयोजन में डॉ. संजीव, डॉ. सुमेघ, डॉ. ज्योति, डॉ. गौरव, डॉ. मनोज, डॉ. गोल्डी पुरी, डॉ अनूप कुमार और शोधार्थियों का योगदान सराहनीय रहा। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह संगोष्ठी आतिथ्य उद्योग में नवाचार और सस्टेनेबिलिटी की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी, जो युवाओं को प्रेरित करेगी।

### शिक्षा को अनुभवात्मक बनाने पर जोर दिया

इग्नू के प्रो. जटा शंकर तिवारी ने शिक्षा को अनुभवात्मक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, क्लासरूम से बाहर निकलकर 'सीखते हुए काम' और 'काम करते हुए सीख' का दृष्टिकोण अपनाना होगा। जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रो. सारा हुसैन ने महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर बात की। उन्होंने कहा, महिलाओं की भागीदारी पर्यटन को इंक्लूसिव ग्रोथ का मॉडल बना रही है। सहानुभूति और संवाद कला सेवा उद्योग की असली ताकत हैं। प्रो. विनीति डावर ने इमोशनल इंटेलिजेंस और मेंटल वेलबीइंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आज के समय में मानव व्यवहार को समझकर सेवा देना आतिथ्य उद्योग की बुनियाद है। यूआईईटी, एमडीयू के प्रो. राहुल ऋषि ने तकनीक के योगदान पर कहा, एआई और ऑटोमेशन इस उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।समापन सत्र में प्रो. संदीप मलिक, निदेशक, चौधरी रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकॉनॉमिक चेंज ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी एनईपी-2020 और स्किल इंडिया मिशन के उद्देश्यों से जुड़ी है। एमडीयू का आईएचटीएम व्यावहारिक शिक्षा, कौशल और जीवन मूल्यों का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने माननीय कुलपति प्रो राजबीर सिंह के नेतृत्व एवम् मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते आप के वरिष्ठ नेता नवीन जयहिंद।

### आईपीएस पूरण कुमार सुसाइड मामले जांच की मांग

रोहतक। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवीन जयहिंद ने आईपीएस अधिकारी पूरण कुमार के सुसाइड मामले को लेकर गुरुवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि इस मामले ने पूरे हरियाणा प्रशासन को हिला दिया है और सुसाइड नोट में कई आईपीएस व आईएएस अधिकारियों के नाम सामने आने से शासन-प्रशासन में गहरी हलचल मची हुई है।
जयहिंद ने हरियाणा सरकार को आगाह करते हुए कहा कि जिस तरह अपराधियों के बीच गैंगवॉर होती है, उसी तरह अब ऐसा न हो कि राज्य के बड़े अफसरों के बीच एक अघोषित गैंगवॉर शुरू हो जाए। उन्होंने आशंका जताई कि पूरण कुमार के सुसाइड नोट में दर्ज नामों के चलते अधिकारी दो धड़ों में बंट सकते हैं, जिससे जनता और प्रशासन दोनों प्रभावित होंगे।
उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाए, ताकि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके।

# एचडी पब्लिक स्कूल के छात्र सन्नी का एमबीबीएस में चयन, जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र सन्नी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024-25 में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सन्नी, जो नर्सरी से लेकर बारहवीं तक एचडी पब्लिक स्कूल का विद्यार्थी रहा है, वर्ष 2022–23 में साइंस (मेडिकल) संकाय से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। एक वर्ष की निरंतर मेहनत और समर्पण के बल पर उसने परीक्षा में 700 में से 545 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 14,500 हासिल की है। उसकी इस सफलता से कल्पना चावला सरकारी



मेडिकल कॉलेज, करनाल में उसका चयन हुआ है। विद्यालय परिसर में इस उपलब्धि की खबर मिलते ही खुशी की लहर दौड़ गई। निदेशक सुरेन्द्र सिंह फोगाट, शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट तथा प्रधानाचार्य दुलाल देब ने सन्नी को और उसके परिवार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। सन्नी के अभिभावकों ने कहा कि उनके पुत्र की सफलता में विद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि एचडी पब्लिक स्कूल का वातावरण विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और लक्ष्य साधने की प्रेरणा देता है।

# प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर सरकार नहीं गंभीर, हर वर्ग परेशान : मंजीत कन्हेली

- इनेलो प्रदेश सचिव ने डीजीपी पूरण कुमार सुसाइड मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने वीरवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा से मुलाकात की और प्रदेश के बिगड़ते हालातों के बारे में विचार विमर्श किया। मंजीत कन्हेली ने कहा कि प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है। आज हर वर्ग भय के साये में जीने पर मजबूर है। प्रदेश में



कोई दिन ऐसा नहीं जाता है जिस दिन हत्या, लूटपाट, रंगदारी, बलात्कार जैसी संगीन वारदाते ना होती हो, लेकिन सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि एडीजीपी पूरण कुमार द्वारा सुसाइड करने का मामला गंभीर जांच का विषय है और सरकार को बिना देरी किए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कारवाई करनी चाहिए। मंजीत कन्हेली ने कहा कि जब एक सीनियर अधिकारी को न्याय नहीं मिलेगा तो प्रदेश की जनता को सरकार से न्याय की क्या उम्मीद हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी भी खेतों से बाढ़ का पानी नहीं निकला है, जिसके चलते किसान परेशान हैं।

### बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद में आए पार्षद

**सांपला।** इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश ने लोगों को परेशानी में डाल दिया। बाढ़ से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए। कस्बे में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 13 वार्ड से समाजसेवी पार्षद अंकित ओहलायन आगे आए हैं। कस्बे में इस बार अधिक बारिश की वजह से कई वार्ड में बाढ़ के हालात बन गए। अधिक पानी होने की वजह से कई परिवारों को अपने मकान खाली कर दूसरे स्थान पर जाना पड़ा। प्रशासन भी पानी निकासी में फेल नजर आया। हाल में वार्ड नंबर एक और दो की बस्ती में भरे पानी को निकालने के लिए पंप सेट लगा दिए हैं। नरेश कुमार ,नवीन ,सरोज, बाला देवी , संजय आदि ने बताया कि वह पिछले 1 महीने से प्रशासन से अपील कर रहे हैं।



### एमडीयू के जूलॉजी विभाग में स्वच्छता पर कार्यक्रम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) एवं विभाग के पूर्व छात्र प्रदीप कौशिक ने स्वच्छता और नागरिक चेतना विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने घर, छात्रावास और विभाग में कूड़ेदान रखने, कचरा प्रबंधन में जिम्मेदारी निभाने तथा "कम उपयोग करें, पुनः उपयोग करें, पुनर्चक्रण करें" के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान किया। इसी अवसर पर वन्यजीव सप्ताह 2025 (2 से 8 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में विभाग ने दो अंतर-विभागीय गतिविधियों का आयोजन किया। पहली गतिविधि इको क्राफ्टः क्ले एक्सप्रेशंस विषय पर मिट्टी से शिल्प निर्माण प्रतियोगिता थी, जिसमें चार विभागों के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। द कैंपस सफारी अभियान के तहत डॉक्यूमेंट्री शूटिंग ड्राइव थी, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 14 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। दोनों गतिविधियों का प्रमुख विषय वन्यजीवों के साथ सामंजस्य-हमारी साझा जिम्मेदारी रहा।

## न्यूज डायरी



### डीएवी स्कूल में साइबर अपराध पर संगोष्ठी

**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सतर्क करने के लिए एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एएसआई दयानंद (साइबर सेल) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के सुरक्षित प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर की गई एक छोटी सी लापरवाही भी बड़ा खतरा बन सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पासवर्ड, पिन नंबर, ईमेल आईडी और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया। दयानंद ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक या संदेश पर प्रतिक्रिया देने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें।



### विजेंद्र सिंह अहलावत ने दो अलमारी भेंट की

**रोहतक।** महिला अधिवक्ताओं की लॉकर सुविधा की कमी को देखते हुए बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन विजेंद्र सिंह अहलावत ने 12 लॉकर वाली दो अलमीरा जिला बार एसोसिएशन को भेंट की। इस अवसर पर विजेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि वह हमेशा ही अधिवक्ताओं की मदद के लिए मौजूद रहते हैं। जैसे ही यह मामला उनके संज्ञान में आया उन्होंने तुरंत इस किल्लत को दूर करने के लिए दो अलमीरा देने का निर्णय लिया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व चेयरमैन विजेंद्र सिंह अहलावत का लॉकर्स भेंट करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासचिव राज्यकरण पंघाल, सुरेंद्र लौरा , अनिल कौशिक, महिला अधिवक्ता ज्योति राणा, प्रतिभा, रेनू शास्त्री, लवलीन नारंग मौजूद रहे।





### पुण्य तिथि पर याद किए गए रामबिलास पासवान

**रोहतक।** लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामबिलास पासवान को वीरवार को उनकी पुण्य तिथि पर याद किया गया। यहां पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण सबरवाल ने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए रामबिलास पासवान ने खूब काम किए। वे आजीवन गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की आवाज बने रहे। भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय के सशक्त आधार के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। पासवान सच्चे अर्थों में जन नेता थे। पांडेय ने बताया कि उन्होंने गरीबों, मजलूमों का जीवन स्तर सुधारने के लिए कई कदम उठाए। जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय का कहना था कि उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। पासवान ने 6 प्रधानमंत्रियों के साथ कार्य किया। वे रहमदिल इंसान थे। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित और शोषित समुदायों के कल्याण के लिए कार्य किया। राजनीति के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, ये पांडेय ने कहा। श्रद्धांजलि सभा में मिथलेश पांडे, राम अवतार सिंह, नारायण मौर्या, संजय शाह समेत गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### मॉडल स्कूल की शिक्षिका ने किया देहदान

**रोहतक।** एक शिक्षक जहां हमें सारी उम्र ही शिक्षा का मार्ग दिखाकर हमें उन्नति की राह पर डालता है, वहीं इस जीवन से जाने के बाद भी लोगों को समाज सेवा का राह दिखाना बहुत बड़ा सामाजिक और नेक कार्य है। यह नए कार्य कर दिखाया है मॉडल स्कूल की पूर्व शिक्षिका स्व इंदू वधवा के पति सुभाष चंद्र वधवा ने। ये शब्द ओमेक्स सिटी निवासी स्वर्गीय इंदू वधवा के देहदान कार्यक्रम पर उनके परिजनों को धन्यवाद देते हुए पीजीआई निदेशक डॉ. एस के सिंघल ने जनता से सांझा किये। डॉ. एस के सिंघल द्वारा परिवार को स्मृति चिन्ह के तौर पर एक पौधा भेंट किया व शरीर को दान करने के लिए आभार जताया। डॉ. एस के सिंघल ने कहा कि स्व. इंदू के पति सुभाष चंद्र ने विद्यार्थियों की रिसर्च के लिए शरीर दान करवाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है और यह अन्य लोगों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है।

### तबादले का चार्ज मिलने पर नर्सिंग स्टाफ में खुशी

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज पीजीआई के नर्सिंग स्टाफ में गुरुवार को काफी उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। सहायक नर्सिंग सुपरीटेंडेंट को नर्सिंग तबादले के रूप में नया चार्ज सौंपे जाने की सूचना मिलते ही नर्सिंग के पूरे कैडर में खुशी की लहर दौड़ गई। नर्सिंग अफसर पूजा ने बताया कि इस निर्णय से नर्सिंग स्टाफ में उत्साह और विश्वास का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं की समस्याओं को बेहतर समझा जाएगा और बिना किसी भेदभाव के कार्य किए जाएंगे। नर्सिंग स्टाफ के सदस्य कमल ने विश्वास व्यक्त किया।

**दिए निर्देश** | अधिकारी समाधान शिविरों की शिकायतों का करें शीघ्र निपटारा : एडीसी

# समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर निपटाने के दिए निर्देश

समाधान शिविर के अलावा जनसंवाद, सीएम विंडो की शिकायतों के निपटाने पर भी करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा करें। अधिकारी मौके पर समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को निपटाने के सार्थक प्रयास करें ताकि नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में प्रादेशिक परिवहन



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, डीएमसी जितेंद्र सिंह के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे।

### प्रत्येक फरियादी को मिल रहा न्याय

एडीसी ने शिकायतें सुनने के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एक छत के नीचे नागरिकों की हर समस्या अथवा शिकायत का मौके पर निपटारा करने के उद्देश्य से ही समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए ताकि नागरिकों को तुरंत राहत मिले। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के अलावा जनसंवाद, सीएम विंडो एवं एसएमजीटी पोर्टल की लंबित शिकायतों का भी शीघ्र समाधान करवाया जाए। डीटीपी सुमनदीप, टीएम नवीन कुमार, कार्यकारी अभियंता संजीव, गगन पांडे, विंग कमांडर गोरिका सुहाग, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश बिढ्ढू इस अवसर पर मौजूद रहे।



### गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में करवाचौथ की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर महिला प्रकोष्ठ की ओर से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर पारंपरिक सजावट, उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मेंहदी प्रतियोगिता और थाली सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता और कलात्मक कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा रहे। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति की परंपरा को जीवित रखते हैं बल्कि छात्राओं में रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

### सूचना

मैं, सुभाष पुत्र श्री जुल्फी निवासी कटेसरा, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री लक्ष्मी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## बाजारों में दिखी रौनक, जमकर खरीदारी

# करवा चौथ आज: 8.10 पर होगा चांद का दीदार

▶▶ *इस बार करवा चौथ पर दो शुभ योग सिद्धि और शिववास योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो लगभग 200 वर्षों बाद आया है।*

### बाजार में महिलाएं सोलह श्रृंगार की वस्तुएं खरीदती नजर आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के बाजारों में करवा चौथ पर्व को लेकर जबरदस्त रौनक है। ज्वैलर्स, साड़ी, चूड़ी और कॉस्मेटिक की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिनभर उमड़ी रही। हर महिला की जुबां पर यही गीत गूंज रहा था। मेरे हाथों में चूड़ी खनकती रहे, मैया मुझे सुहागन बनाए रखना। शुक्रवार को सुहागिनें अपने पति की दीर्घायु के लिए करवाचौथ का पावन व्रत रखेंगी और सोलह श्रृंगार कर माता चौथ की आराधना करेंगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह योग व्रत को अत्यंत फलदायी बनाएगा। शाम 8 बजकर 10 मिनट पर चंद्रमा उदित होगा और सुहागिनें छलनी के अंदर से चांद और पति का दर्शन कर उपवास खोलेंगी।

### सुहागिनों में दिखा उल्लास

त्योहार को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों किला रोड, डी पार्क, गोहाना अड्डा, चमेली मार्केट, रेलवे रोड, शौरी मार्केट में महिलाओं की भारी भीड़ रही। कोई मेहंदी लगवा रही थी तो कोई चूड़ियों और साड़ियों की खरीद में व्यस्त थी। दुकानदारों के अनुसार करवाचौथ पर सबसे ज्यादा व्यापार होता है, जिससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा होता है। ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग की वजह से दिनभर रौनक रही। कई महिलाओं ने त्योहार से पहले ही साज-सज्जा की तैयारियां पूरी कर लीं। हर बाजार में महिलाएं सोलह श्रृंगार की वस्तुएं खरीदती नजर आईं।



### चांदी के बर्तनों व गहनों की खरीद में बढ़ोतरी

सर्राफा कारोबारी ने बताया कि इस बार करवाचौथ पर चांदी के बर्तनों, तागड़ी, पायजेब, सिक्का और पूजा सामग्री की बिक्री में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं ने पूजा के लिए चांदी के करवे और थालियां खूब खरीदीं। गुरुवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,26,500 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट का 1,18,500 प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 1,65,000 प्रति किलोग्राम रहा। सोने की तुलना में चांदी की खरीद ज्यादा रही।

### मेहंदी लगवाने को घंटों इंतजार



डी पार्क, सेक्टर-एक, किला रोड और रेलवे रोड के आसपास मेहंदी लगाने वालों के सामने महिलाओं की कतारें लगी रहीं। दुकानों के आगे कमीशन पर मेहंदी कलाकार बैठे हैं जो खुद भी कमा रहे हैं और दुकानदारों को भी हिस्सा दे रहे हैं। मेहंदी कलाकार आरती, सुमन और शशि ने बताया कि दोनों हाथों में डिजाइनर मेहंदी के 600 रुपये और दोनों हाथ-पैरों में मेहंदी के 1000 रुपये तक चार्ज किए जा रहे हैं। शाम होते-होते मेहंदी की महक से बाजार सुगंधित हो गया।

### ये पूजन सामग्री

पंडित संदीप झा ने बताया कि करवाचौथ पूजन की थाली में खांड के दो करवे, चंदन, शहद, अगरबत्ती, फूल, कच्चा दूध, दही, शुद्ध घी, मिठाई, गंगाजल, कुमकुम, चावल, सुहाग सामग्री, मिट्टी का टोंटीदार करवा, दीपक, रुई, कपूर, गेहूं, हल्दी, पानी का लोटा और पीली मिट्टी का गणेश रखें। लकड़ी की चौकी पर चौथ माता की तस्वीर रखकर व्रत कथा सुनें और चंद्रोदय के समय अर्घ्य दें। पूजा का समय शाम 7:30 बजे से 8:30 बजे तक शुभ रहेगा।

### मां पार्वती से शुरू हुई करवा चौथ की परंपरा

पंडित संदीप झा ने बताया कि करवाचौथ व्रत का प्रारंभ मां पार्वती से हुआ था। उन्होंने भगवान शिव की दीर्घायु के लिए यह उपवास रखा था। इसके बाद महाभारत काल में जब अर्जुन तपस्या करने इंद्रनील पर्वत पर गए थे, तब द्रौपदी ने भी श्रीकृष्ण के कहने पर करवाचौथ का व्रत रखा था। तभी से यह व्रत सुहागिनों के लिए सबसे पवित्र और फलदायी माना जाता है।

### सिद्धि योग और शिववास योग से और भी विशेष बना पर्व

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार करवाचौथ पर सिद्धि योग और शिववास योग एक साथ बन रहे हैं। यह संयोग करीब दो शताब्दियों बाद आया है। ऐसे में इस वर्ष व्रत करने वाली सुहागिनों को विशेष फल प्राप्त होगा। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखने से पति की दीर्घायु, वैवाहिक सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। चंद्रमा को जल अर्पित कर जब महिलाएं अपने पति का चेहरा छलनी से देखती हैं, तो यह दृश्य पूरे माहौल को श्रद्धा और प्रेम से भर देता है।

### शाम को चांद के दीदार का बेसब्री से इंतजार


पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर महिलाएं दोपहर में चौथ माता की पूजा करेंगी और शाम को चंद्रमा के उदय का इंतजार करेंगी। जैसे ही चांद निकलेगा, सुहागिनें छलनी में चंद्रमा और अपने पति का दर्शन कर व्रत खोलेंगी। हर गली, हर मोहल्ले में करवाचौथ का उल्लास है, महिलाएं तैयारियों में व्यस्त हैं और दुकानदारों के चेहरे पर भी मुस्कान है। पूरा शहर सुहागिनों की आस्था और प्रेम के रंग में रंग चुका है।

# त्योहारों व दिवाली को लेकर रूट डायवर्जन लागू, आठ स्थानों पर बनाई गई पार्किंग


▶▶ रेलवे रोड, किला रोड, शौरी क्लॉथ मार्केट व मॉडल टाउन मार्केट बनाए जाएंगे वाहन फ्री जोन और 11 से 20 अक्टूबर तक रहेगा रूट डायवर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दीपावली के त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती भीड़ और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने 11 से 20 अक्टूबर तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर रुट डायवर्जन लागू किया है। इस अवधि के दौरान किला रोड, रेलवे रोड, शौरी क्लॉथ मार्केट और मॉडल टाउन मार्केट को वाहन फ्री जोन घोषित किया है। इसके साथ ही आठ स्थानों पर अस्थायी और स्थायी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दीपावली के अवसर पर शहर के प्रमुख बाजारों में भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में यातायात जाम, अवैध पार्किंग और सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला पुलिस ने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें।




### 12 स्थानों पर नाकाबंदी की जाएगी




त्योहारों के दौरान सबसे अधिक भीड़ रेलवे रोड, किला रोड, शौरी क्लॉथ मार्केट और मॉडल टाउन मार्केट में रहती है। इस वजह से इन क्षेत्रों को वाहन फ्री जोन घोषित किया गया है। प्रशासन ने झज्जर रोड टी प्वाइंट से कच्चा बेरी रोड होते हुए भिवानी स्टैंड और दुर्गा भवन मंदिर तक के मार्ग को पूरी तरह वाहनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। इस पूरे क्षेत्र में 12 स्थानों को चिन्हित कर नाकाबंदी की जाएगी।

### वाहन फ्री जोन का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा

वाहन फ्री जोन का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा। किसी भी दोपहिया या चारपहिया वाहन को किला रोड, दुर्गा भवन मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। झज्जर रोड टी प्वाइंट से आने वाले वाहनों को झज्जर रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा, जबकि कच्चा बेरी रोड की दिशा से आने वाले वाहनों को माता दरवाजा, दयानंद मठ चौक, गोहाना अड्डा होते हुए अम्बेडकर चौक की ओर भेजा जाएगा। अग्रसेन चौक से किसी भी वाहन को रेलवे रोड या भिवानी स्टैंड की दिशा में नहीं जाने दिया जाएगा। इन बाजारों में आने वाले ग्राहक अपने वाहन अम्बेडकर चौक से एलिवेटिड रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन पार्किंग स्थल, पुराना सीनियर सेकेंडरी स्कूल हुड्डा ग्राउंड (पुरानी सब्जी मंडी के पास) या भगत सिंह पार्किंग (किला रोड)में खड़ा कर सकेंगे।

### मॉडल टाउन मार्केट में भी प्रतिबंध

मॉडल टाउन मार्केट को भी वाहन फ्री जोन घोषित किया गया है। इसमें छह बिंदुओं पर नाकाबंदी की जाएगी। डी-पार्क से लेकर सोम स्वीट्स चौक तक की सड़क पर वाहन के प्रवेश या निकास की अनुमति नहीं होगी। ग्राहक वाहन मेडिकल मोड़ पार्किंग स्थल में खड़ा कर पैदल खरीदारी के लिए आ सकेंगे।

### रेलवे रोड-किला रोड पार्किंग रहित क्षेत्र

त्योहारों के दौरान रेलवे रोड और किला रोड को पूरी तरह नो पार्किंग जोन बनाया गया है। किसी भी वाहन चालक को दुकानों के आगे या सड़क किनारे वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानदारों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का अवरोध या पार्किंग न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की अपील-नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें

जिला पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे रूट डायवर्जन और पार्किंग नियमों का पालन करें, जिससे किसी को असुविधा न हो। पुलिस ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

### आठ स्थानों पर बनाई पार्किंग

1. महाराजा अग्रसेन पार्किंग स्थल (एलिवेटेड रोड से पहुंच योग्य)
2. पुराना सीनियर सेकेंडरी स्कूल हुड्डा ग्राउंड पार्किंग (पुरानी सब्जी मंडी के पास)
3. भगत सिंह पार्किंग (किला रोड)
4. पुराना आईटीआई ग्राउंड (सर्कुलर रोड)
5. मेडिकल मोड़ (दाहिनी ओर निर्धारित पार्किंग स्थल)
6. रेलवे स्टेशन पार्किंग
7. अशोक मोड़ पार्किंग
8. जाट कॉलेज ग्राउंड पार्किंग

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात होगा

शहर के सभी प्रमुख बाजारों, चौकों और चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी प्रकार की जाम स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहें। प्रत्येक भीड़भाड़ वाले बाजार में पुलिस कर्मी और होमगार्ड्स को तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से बाजार क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी।

### भीड़ नियंत्रण को पैदल गश्त शुरू

बाजारों में सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने पैदल गश्त भी शुरू की है। यह गश्त मुख्य रूप से रेलवे रोड, शौरी क्लॉथ मार्केट, प्रताप चौक, चमेली मार्केट, किला रोड और डी-पार्क क्षेत्र में की जा रही है। गश्त टीमों में महिला पुलिस कर्मियों को भी शामिल किया गया है, ताकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य भीड़ नियंत्रण के साथ-साथ चोरी, जेबकटी, छीना-झपटी और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाना है। उधर, इन सभी पार्किंग स्थलों पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है ताकि यातायात में कोई अव्यवस्था न हो। पुलिस के अनुसार अन्य अस्थायी पार्किंग स्थलों को लेकर भी विचार किया जा रहा है। प्रशासन से बैठक कर अतिरिक्त स्थानों को भी पार्किंग जोन घोषित किया जा सकता है।

## 200, 400 और 800 मीटर फ्रीस्टाइल में हर्षिता का जलवा, तीन गोल्ड के साथ नेशनल के लिए चयनित



**रोहतक।** वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अंबाला में आयोजित स्कूल राज्य स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में रोहतक की तैराक हर्षिता अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा का नाम रोशन किया। अंडर-19 आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही हर्षिता ने तीनों स्पर्धाओं 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया।प्रतियोगिता के पहले दिन (8 अक्टूबर) उन्होंने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में गोल्ड मेडल जीता, जबकि दूसरे दिन 200 मीटर और 800 मीटर में भी स्वर्ण अपने नाम किया। लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली हर्षिता को अब दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है, जहां वह हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हर्षिता 200, 400, 800 मीटर फ्रीस्टाइल के साथ 4x100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में भी हिस्सा लेंगी। मीडिया कन्वीनर डॉ. जनक राज ने बताया कि हर्षिता का यह प्रदर्शन उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### शुभकामनाएं दीं

जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक तथा सभी प्रशिक्षकों ने हर्षिता को इस उपलब्धि पर बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

*घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल दहशत*

# करतारपुरा कॉलोनी में दो गुटों में जमकर पथराव, लोग घरों में रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

करतारपुरा कॉलोनी में बृहस्पतिवार की शाम को दो गुटों के बीच पथराव की घटना हुई, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद भारी पुलिसबल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद किसी निजी मामूली कारण को लेकर शुरू हुआ था, जो देखते ही देखते हाथापाई और पथराव में बदल गया। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे फेंकने लगे। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए। सूचना मिलने पर थाना करतारपुरा पुलिस और अतिरिक्त पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।



### पुलिस को करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी

पुलिस को लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जिसमें उन्होंने पत्थरबाजों पर नियंत्रण स्थापित किया और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर खदेड़ा। पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा रेखा बनाई और शांति बहाल की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके से कुछ लोगों को स्थायी हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की सामूहिक झड़प या हिंसक गतिविधि में भाग न लें और किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें।



सिरसा। तनिष्क स्टोर पर मेहंदी दिखाती महिलाएं।

### करवा चौथ : तनिष्क में मेहंदी, मुस्कान और परंपरा की सुगंध से महका माहौल

**सिरसा।** करवा चौथ पर तनिष्क सिरसा स्टोर ने महिलाओं के लिए रंगारंग मेहंदी उत्सव का आयोजन किया, जिसने पूरे शहर में उत्साह और उमंग का वातावरण बना दिया। इस विशेष अवसर पर तनिष्क ने न केवल अपने शानदार गहनों की चमक बिखेरी, बल्कि एक ऐसा मंच भी तैयार किया जहाँ परंपरा, सौंदर्य और अपनापन एक साथ नजर आया। सुबह से ही तनिष्क सिरसा स्टोर में महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जब मेहंदी लगवाने पहुंचीं, तो पूरा स्टोर त्योहार की रौनक से जगमगा उठा। रंग-बिरंगी फूलों की सजावट, पारंपरिक संगीत और सुगंधित महक से भरा माहौल हर किसी को अपनी ओर खींच रहा था। मेहंदी कलाकारों ने महिलाओं के हाथों पर सुंदर और आकर्षक डिज़ाइन बनाए, वहीं स्टोर टीम ने ग्राहकों का स्वागत करते हुए उन्हें करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने तनिष्क के स्पेशल करवा चौथ ज्वेलरी कलेक्शन की खरीदारी करते हुए नवीनतम डिजाइनों की प्रशंसा की।




### एचडी पब्लिक स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

रोहतक। बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को विद्यालय के सभागार में सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, जागरूकता, तर्कशक्ति और टीम भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने बौद्धिक कौशल और ज्ञान के प्रति जिज्ञासा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आठवीं कक्षा की माही और याचना, सातवीं कक्षा के अभिमन्यु और छठी कक्षा की परी ने अपने तेज दिमाग और सूझ-बूझ का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फोगाट और एकेडमिक डायरेक्टर कृष्णा बल्हारा फोगाट ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विज्ञान विभाग की शिक्षकों श्वेता सचदेवा, मीनाक्षी और शालू चिल्लर की देखरेख में कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला।

### धान खरीद दो कंपनियों से करवाए सरकार

**रोहतक।** अखिल भारतीय किसान सभा का प्रतिनिधि मंडल वीरवार को जिला प्रधान सुनील मलिक, राज्य उप प्रधान प्रीत सिंह के नेतृत्व में डीसी से कार्यालय में मिला और मांगपत्र उन्हें सौंपा। प्रतिनिधिमंडल मे अशोक राठी, ओमप्रकाश कादियान, जगपाल सांगवान, रमेश राठी, शक्ति खरब आदि शामिल रहे। मांगपत्र में धान बेचने में आ रही समस्या के बारे में कहा कि धान खरीदने वाली कंपनी सिर्फ एक होने के कारण किसानों का कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। हालात काफी गंभीर हैं। झज्जर, रोहतक दोनों जिलों में एक कम्पनी को जिम्मा दे रखा है। इन हालात में फसल की बिक्री नहीं हो रही है। किसानों के मुताबिक डीसी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## पीजीआई में अल्ट्रासाउंड के लिए लंबी कतारें, रोजाना 600 के करीब पहुंच रहे मरीज

# अल्ट्रासाउंड की संख्या घटाई, एक दिन में होंगे सिर्फ 100 टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस में मरीजों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अब रेडियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की भारी कमी के कारण अल्ट्रासाउंड जांच की संख्या सीमित कर दी गई है। इससे मरीजों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। एक अक्टूबर से विभाग में रोजाना केवल 100 अल्ट्रासाउंड ही किए जा रहे हैं, जबकि हर दिन करीब 600 से 700 मरीज जांच के लिए पहुंचते हैं। सुबह तड़के छह बजे से मरीज अस्पताल के बाहर कतार में लग जाते हैं। कोई बिस्तर पर लेटे आया है, तो कोई परिजनों के सहारे किसी तरह जांच कराने पहुंचा है। लेकिन जब तक काउंटर खुलता है और पर्चियां बननी शुरू होती हैं, कुछ ही देर में 100 मरीजों की सीमा पूरी हो जाती है। उसके बाद लाइन में लगे सैकड़ों लोग मायूस होकर लौट जाते हैं। कई मरीज ऐसे भी हैं जो लगातार दो-तीन दिन से केवल पर्ची बनवाने की कोशिश में अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। रेडियोलॉजी विभाग के कर्मियों के अनुसार, विभाग में वर्तमान में दो प्रोफेसर कार्यरत हैं, जबकि कुल 14 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। इस वजह से जांच का दबाव संभालना मुश्किल हो गया है। डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ पर काम का बोझ लगातार बढ़ रहा है।



### अलग-अलग राज्यों से भी इलाज के लिए आते हैं मरीज

पीजीआई प्रदेश का सबसे बड़ा चिकित्सा केंद्र है, जहां हर दिन न केवल हरियाणा बल्कि दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश व पंजाब से भी मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में जांचों की सीमित संख्या पूरे स्वास्थ्य ढांचे पर सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल मरीजों को इंतजार और उम्मीद दोनों के सहारे ही इलाज जारी रखना पड़ रहा है। यदि जांचें समय पर नहीं होंगी, तो गंभीर बीमारियों का पता देर से चलेगा और मरीजों की स्थिति बिगड़ सकती है।

**मरीजों से बातचीत:** सोनाली नाम की मरीज ने बताया कि वह अपने पिता को लेकर महम से रोज पीजीआई आ रही हैं। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड की सलाह दी थी, लेकिन तीन दिन से नंबर नहीं मिल पा रहा। हम सुबह पांच बजे पहुंचते हैं, लेकिन भीड़ इतनी होती है कि पर्ची नहीं बनती। अब प्राइवेट अस्पताल में कराना पड़ेगा, लेकिन वहां खर्च बहुत ज्यादा है। झज्जर से आए बुजुर्ग मरीज ने बताया कि उन्होंने बस और रिक्शा मिलाकर अस्पताल तक पहुंचने में तीन घंटे लगाए। लेकिन नंबर खत्म होने की बात सुनकर निराश होकर वापस लौटना पड़ा। गरीब आदमी इलाज के लिए यहां आता है, अगर यही स्थिति रही तो कहां जाएं। ऐसे में इलाज होना ही संभव नहीं है।

### मजबूरी में निजी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड करवा रहे

त्योहारी सीजन में अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भीड़ के बीच बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक परेशान हैं। कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जहां अल्ट्रासाउंड की फीस 800 से 1500 रुपये तक वसूली जा रही है। लाइन में लगने के बाद भी मरीजों का नंबर नहीं आ रहा है। ऐसे में उन्हें मायूस होकर ही लौटना पड़ रहा है।

### स्टाफ की कमी

पीजीआईएमएस में स्टाफ की कमी को लेकर परेशानी आ रही है। इसलिए हो सकता है कि अल्ट्रासाउंड की संख्या कम की गई हो। भविष्य में असुविधाओं को ठीक करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

-डॉ एसके सिंघल
निदेशक पीजीआईएमएस